RNI Title-Code :- RAJBIL27027
www.nagaurdaily.com
Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 284 | नागौर, 21 सितम्बर, 2022 (बुधवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

# जयपुर समेत 12 जिलों में अगले 3 दिन बारिश

## जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जैसलमेर में शुरू हुई मानसून की विदाई

जयपुर।

बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर और बाड़मेर जिलों के कई हिस्सों से मानसून के विदा होने की घोषणा मंगलवार को मौसम विभाग ने कर दी है। अगले 3 दिन भरतपुर, जयपुर, कोटा और उदयपुर संभाग के 12 जिलों में मानसून के एक्टिव रहने की संभावना जताई है।

जयपुर मौसम केन्द्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी, ओडिशा के तट पर एक कम दबाव का क्षेत्र (लो प्रेशर सिस्टम) बना हुआ है। आगामी 48 घंटों में ओडिशा और उत्तरी छत्तीसगढ़ की तरफ से पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा की तरफ आगे बढ़ने की संभावना है। इसी सिस्टम के प्रभाव से 21 सितम्बर से राजस्थान के पूर्वी हिस्सों के 12 जिलों में बारिश होने की संभावना है।

मंगलवार को प्रदेश में लगभग सभी जगह मौसम साफ रहा। दोपहर बाद पूर्वी राजस्थान के हिस्सों में मौसम में बदलाव देखने को मिला। मंगलवार को धौलपुर, भरतपुर, अलवर, करौली, दौसा और उदयपुर में बरसात हुई। सबसे ज्यादा बरसात धौलपुर के बसेड़ी में 50रू्रू (2 इंच) दर्ज हुई। इसके अलावा सेंपऊ (धौलपुर) में 24रू्रू और राजाखेड़ा (धौलपुर) में 8रू्रू बरसात हुई। इसी तरह अलवर में 7, करौली में 2.5 और उदयपुर में करीब एक मिमी बारिश हुई।

### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम केन्द्र जयपुर ने 21 सितम्बर को झुंझुनूं, सीकर, जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, कोटा और बारां जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है। इसी तरह, 22 सितम्बर को जयपुर, दौसा, भरतपुर, धौलपुर, करौली, टोंक, सवाई माधोपुर, कोटा, बूंदी, भीलवाड़ा, झालावाड़ और बारां जिलों में, जबकि 23 सितम्बर को इन सभी जिलों के अलावा अजमेर, नागौर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ जिलों में भी हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। कोटा, भरतपुर के आसपास के जिलों में कहीं-कहीं भारी बारिश होने का भी अनुमान जताया है। इसके अलावा पश्चिमी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, नागौर और चूरू जिलों में भी 22 से 24 सितंबर को कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

### अब तक 34 फीसदी ज्यादा बरसात

राजस्थान में अब तक इस मानसून सीजन में सामान्य से 34 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है। पूरे राज्य में औसतन 20 सितम्बर तक 567रू्रूबारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 424.3रू्रूसे ज्यादा है। बाड़मेर में सामान्य से 73 फीसदी, बीकानेर में 80, जैसलमेर में 101 और जोधपुर में 60 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है।



# गायों के बाद भैंसों और हिरणों में फैला लंपी

## मंत्री कटारिया बोले- नए वैरियंट ने बढ़ाई टेंशन, मानसून के बाद ही होगी कंट्रोल

जयपुर।

विधानसभा में लंपी पर बहस का जवाब देते हुए पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा- अब लंपी भैंसों और हिरणों में भी आ गया है। हरियाणा में कई भैंसों में संक्रमण पाया गया है। हमने टीकाकरण की स्पीड बढ़ा दी है। पशुपालन विभाग के एक्सपर्ट ने कहा है कि लंपी पर कुछ कंट्रोल मानसून की विदाई के साथ ही होगा। लंपी का नया वैरियंट भी चिंता का कारण है।

कटारिया ने कहा-पशुओं का बीमा बीजेपी राज में ही बंद किया गया था। भारत सरकार से पैसा नहीं आने के कारण पशु बीमा बंद हो गया। राजस्थान सरकार ने टेंडर निकाला, लेकिन एक ही कंपनी आगे आई। अब आगे पशु बीमा फिर से शुरू करने का प्रयास होगा।

### लंपी में मदद करने वाले भामाशाहों का सम्मान करेगा पशुपालन विभाग

लालचंद कटारिया ने कहा- प्रवासी राजस्थानियों ने लंपी से मुकाबले के लिए पैसा भेजा। जिन भामाशाहों ने मदद की उन सबकी चार्ट बना रहे हैं और ऐसे मददगार भामाशाहों का हम सम्मान करेंगे। भारत सरकार ने हमें गोट पॉक्स दिलवाई। गोट पॉक्स बनाने वाली कंपनी ने हमें वैक्सीन देने से मना कर दिया था। मैंने केंद्रीय पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला को इसके बारे में बताया, तो उन्होंने कंपनी के एमडी से बात की और वैक्सीन दिलवाई। हमें जो भी गोट पॉक्स दवा मिली है, उसका पूरा पैसा सरकार ने दिया है।



### बीजेपी का सदन से वॉकआउट

पशुपालन मंत्री के जवाब पर सवाल उठाते हुए बीजेपी विधायकों ने सदन से वॉकआउट किया। लंपी पर लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन नहीं मिलने पर नेता प्रतिपक्ष ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब अप्रैल में लंपी का पता लग गया और 27 जुलाई तक विभाग सोता रहा, कोई तो जिम्मेदार होगा। इसके बाद बीजेपी विधायक वॉकआउट कर गए। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया बोले- अप्रैल में बीमारी का पता लगा और 27 जुलाई को विभाग चेत रहा है, यह विभाग है या क्या है, मजाक बना रखा है। अप्रैल में आई हुई बीमारी की 27 जुलाई को गाइडलाइन भेज रहे हो। एमएलए फंड से कौनसी दवा खरीदी। पैसा देने के बावजूद पैसा नहीं पहुंचता है। मंत्रीजी आप अपने महकमे को टटोलो। यह तो आम लोगों ने और गौ भक्तों, गौशालाओं में खुद इलाज की व्यवस्था की। गंभीर लापरवाही पर जिम्मेदारी तय हो।

### धारीवाल ने मुद्दे घुमाने में पीएचडी कर रखी है

इससे पहले विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने ही मंत्रियों को घेर लिया। सिरोही सहित प्रदेश भर में अदालतों की बिल्डिंग को बनाने में हो रही देरी को लेकर संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल के जवाब पर तंज कसते हुए सीएम गहलोत के सलाहकार संयम लोढ़ा ने कहा कि अध्यक्ष महोदय, आपको तो पता ही है इन्होंने मुद्दे को घुमाने में तो पीएचडी कर रखी है।

# राजस्थान विधानसभा में भारी हंगामा

## सतीश पूनिया को धक्का मारकर पुलिस ने नीचे गिराया

जयपुर।

भारतीय जनता पार्टी की ओर से लंपी, बेरोजगारी और दूसरे मुद्दों को लेकर विधानसभा घेरने जा रहे पार्टी कार्यकर्ता पुलिस से भिड़ गए। जयपुर के सहकार मार्ग पर कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग भी तोड़ दी। इस बीच बैरिकेडिंग पर चढ़े बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया को पुलिसवालों ने धक्का मार दिया। जससे वे नीचे गिर गए। कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था। इससे पहले सुबह सी-स्कीम स्थित बीजेपी ऑफिस से सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूनिया के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय से विधानसभा घेराव के लिए कूच किया, लेकिन सहकार मार्ग पर पुलिस ने उन्हें रोक दिया। यहां पार्टी नेताओं की ओर से नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और गिरफ्तारी दी।

वहीं, आज सुबह पार्टी कार्यालय पर सभा को संबोधित करते हुए सतीश पूनिया ने कहा अभी श्राद्ध पक्ष चल रहा है। 2023 में कांग्रेस पार्टी का परमानेंट श्राद्ध हो जाएगा। भारत और राजस्थान से कांग्रेस सरकार का सफाया हो जाएगा।

उन्होंने कहा राहुल गांधी ने तेजाब फिल्म की माधुरी दीक्षित की तरह 123, 4567... गाना गाया था। किसानों के कर्ज माफ करने की घोषणा की थी, लेकिन आज तक कर्ज माफी नहीं हुई है। सैकड़ों किसान आत्महत्या कर चुके हैं। गहलोत सरकार गायों की हत्यारी है। बीजेपी मांग करती है कि जिन किसानों और पशुपालकों की गायों की मौत हुई है, उन सभी को 50-50 हज़ार रुपये का मुआवजा सरकार दे।

### रथ रोका तो टकराव बढ़ा

राजस्थान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कार्यकर्ता सतीश पूनिया के रथ के साथ आगे बढ़ रहे थे। पहले पुलिस अधिकारियों की ओर से उनकी समझाइश की, लेकिन वे नहीं माने। इसके बाद पुलिस ने उन्हें बलपूर्वक पीछे धकलने का प्रयास किया।



बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के नेतृत्व में निकाले जाने वाले इस जुलूस में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जयपुर संभाग और टोंक-सवाई माधोपुर से बीजेपी नेता, पार्टी के सभी 7 मोर्चा- बीजेपी किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, एसटी मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सांसद घनश्याम तिवाड़ी, रामचरण बोहरा, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व विधायक सुरेंद्र पारीक, मोहनलाल गुप्ता, अशोक परनामी समेत पार्टी के मंडलों का कार्यकर्ता और जयपुर ग्रेटर और हेरिटेज से पार्षद भी मौजूद रहे। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने कहा- कांग्रेस सरकार सदन से भी और धरातल से भी भागना चाह रही है, लेकिन राजस्थान की जनता और विपक्ष उसको भागने नहीं देगा। एक-एक बात का जवाब उनको देना पड़ेगा, सदन में भी और सदन के बाहर भी देना होगा। इस समय सबसे बड़ा सवाल और ज्वलंत मुद्दा लंपी का है, राजस्थान के गौवंश को बड़ा भारी नुकसान हुआ है, सरकार का आंकड़ा 10 लाख गायों के संक्रमित होने का और 57 हजार के आसपास मौत होने का है। हकीकत इससे अलग है। 30 लाख से भी ज्यादा गायें संक्रमित हुईं और 10 लाख से ज्यादा गौवंश का नुकसान हुआ है। यह सीधे-सीधे सरकार की संवेदनहीनता का सबूत है।

## हिजाब पर सुप्रीम कोर्ट में आठवें दिन सुनवाई : एसजी बोले

# ईरान में हिजाब के खिलाफ महिलाएं प्रदर्शन कर रहीं, यह इस्लाम में अनिवार्य नहीं

नई दिल्ली।

हिजाब विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को आठवें दिन सुनवाई हुई। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। कुछ ऐसे इस्लामिक देश हैं, जहां हिजाब का विरोध हो रहा है और महिलाएं इसके खिलाफ प्रदर्शन कर रही हैं। कोर्ट ने पूछा- किस देश में इस पर स्त्र बोले- ईरान में। इससे साबित होता है कि हिजाब पहनना इस्लाम में जरूरी नहीं है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी।

ईरान में सिर न ढकने के आरोप में पुलिस ने 22 साल की महसा अमीनी को



कस्टडी में ले लिया था। महसा कुर्द मूल की थीं। हिरासत में ही वे कोमा में चली गईं और 16 सितंबर को उनकी मौत हो गई। इसके बाद महिलाओं का गुस्सा भड़क गया। महिलाओं की मांग है कि हिजाब को अनिवार्य की जगह वैकल्पिक किया जाए। उनका कहना है कि हिजाब की वजह से वे क्यों मारी जाएं। मॉरल पुलिसिंग का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों पर पुलिस की फायरिंग से 5 लोगों की मौत हो गई। 80 से ज्यादा घायल हैं।

मेहता ने कहा कि किसी वेदशाला या पाठशाला में कोई धोती पहन सकता है, लेकिन सेक्युलर शिक्षण संस्थाओं में धार्मिक पहचान दिखाने वाली ड्रेस पहनने की इजाजत नहीं दी जा सकती। मेहता ने आगे कहा कि मान लीजिए कल को बार काउंसिल ऑफ इंडिया तिलक पर पाबंदी लगा दे, तो यह तब तक जारी रहेगी, जब तक कोई साबित न कर दे कि यह अनिवार्य धार्मिक रस्म है। तिलक के मामले में कहा जा सकता है कि यह धार्मिक तौर पर अनिवार्य नहीं है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस हेमंत गुप्ता और सुधांशु धूलिया की बेंच को बताया कि 29 मार्च 2013 को उडुपी के सरकारी प्री-यूनिवर्सिटी गर्ल्स कॉलेज ने प्रस्ताव पास करके यूनिफॉर्म तय की। तब हिजाब को यूनिफॉर्म का हिस्सा नहीं बनाया गया और उस समय किसी भी लड़की को इस यूनिफॉर्म से परेशानी नहीं हुई। याचिकाकर्ताओं ने भी जब 2021 में इस कॉलेज में एडमिशन लिया तो उन्होंने भी यूनिफॉर्म के नियमों का पालन किया। इससे पहले सॉलिसिटर जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि जिन छात्राओं ने हिजाब बैन के खिलाफ याचिका दायर की है, वे कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के प्रभाव में ऐसा कर रही हैं।

# राजनीतिक पार्टियों के चंदे पर चुनाव आयोग की सख्ती : सीईसी ने कानून मंत्रालय से की सिफारिशें, कहा- चंदे की सीमा तय की जाए

नई दिल्ली।

चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे पर लगाम लगाने की सिफारिशें की हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू को पत्र लिखकर जन प्रतिनिधित्व अधिनियम में कई संशोधनों की सिफारिश की है। सूत्रों के अनुसार ष्टश्वष्ट ने पत्र में कहा है कि राजनीतिक दलों को नकद चंदे के रूप में 20 फीसदी या 20 करोड़ जो भी कम हो




वो अधिकतम सीमा निर्धारित की जाए।

चुनावों में काले धन के सर्कुलेशन पर रोक के लिए अनाम नकद चंदे की सीमा 20 हजार रुपए से घटाकर 2 हजार रुपए करने की सिफारिश की है। चुनाव आयोग के मौजूदा नियमों के मुताबिक, देश के सभी राजनीतिक दलों को 20 हजार रुपए से ऊपर वाले सभी चंदों का खुलासा करना होता है। साथ ही राजनीतिक दलों को आयोग के समक्ष इस बारे में रिपोर्ट देनी होती है। सूत्रों ने कहा कि यदि आयोग के इस प्रस्ताव को विधि मंत्रालय की स्वीकृति मिल जाती है तो 2000 रुपए से अधिक सभी चंदों के बारे में राजनीतिक दलों को जानकारी देनी होगी, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। निर्वाचन आयोग यह भी चाहता है कि चुनावों के दौरान उम्मीदवार चुनाव के लिए अलग से बैंक खाता खोलें। सारा लेनदेन इसी खाते से हो और चुनावी खर्च के ब्योरे में इसकी जानकारी भी दी जाए। चुनाव आयोग की ओर से यह कदम उस वक्त उठाया गया है, जब हाल ही में आयोग ने 284 ऐसे दलों को पंजीकृत सूची से हटा दिया था।

# नोएडा में दीवार गिरने से 4 की मौत

नोएडा।

नोएडा के सेक्टर-21 जलवायु विहार सोसाइटी की दीवार गिर गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई है। जिसमें तीनों एक ही परिवार के थे। सूचना पर मौके पर फायर ब्रिगेड कर्मी, पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ये दीवार सोसाइटी को चारों ओर से कवर करती है। इसका एक तरफ का करीब 100 मीटर हिस्सा गिरा है। मौके पर 5 जेसीबी मशीन से मलबा हटाकर दबे मजदूरों को बाहर निकाला गया। मरने वालों में धर्मवीर, पुष्पेंद्र (25), पन्ना लाल (25) और अमित (18) हैं। पुष्पेंद्र, पन्ना और अमित एक ही परिवार के थे। तीनों बदायूं के रहने वाले थे, जबकि धर्मवीर संभल का रहने वाला था। नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने कहा, मरने वालों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए मुआवजा मिलेगा। कॉन्ट्रैक्टर से मुआवजा दिलाएंगे।

**नोएडा प्राधिकरण ने दिया था कॉन्ट्रैक्ट**-जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया, नोएडा प्राधिकरण की ओर से नाले की सफाई के लिए कॉन्ट्रैक्ट दिया गया था। मजदूर नाले की सफाई का काम कर रहे थे। ईंट निकालने के दौरान नाले की तरफ की दीवार गिरी। इसमें काम करने वाले 12 मजदूर दब गए। इसमें दो लोगों को जिला अस्पताल और दो को कैलाश अस्पताल लाया गया था।

# जयपुर में रेलिंग पर फंदे से लटका मिला ट्रक ड्राइवर : जेब में मिला सुसाइड नोट, लिखा- अगले जन्म चाचा तेरे घर जन्म लूं

जयपुर।

जयपुर में एक ट्रक के ड्राइवर ने सुसाइड कर लिया। मंगलवार सुबह उसका शव रेलिंग पर फंदे से लटका मिला। हरमाड़ा थाना पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। मृतक की जेब से सुसाइड नोट मिला है। जिसमें खुद की मर्जी से मरने की बात लिखी है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया है। एसएचओ मांगीलाल विश्नोई ने बताया कि मृतक की पहचान विक्रम जाट (30) पुत्र अुर्जन निवासी नवलगढ़ झुंझुनूं के रूप में हुई। वह एक ट्रक पर ड्राइवरी का काम करता था। वह न्यू ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सब्जी मंडी में ट्रक खाली करने आया था। सोमवार रात को ट्रक खाली करने के बाद रोड किनारे खड़ा कर दिया। देर रात एक बेसमेंट पर लगी रेलिंग पर रस्सी का फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया।

**रेलिंग से लटका मिला शव**-सुबह करीब 7 बजे लोगों ने उसका शव रेलिंग पर रस्सी से लटका देखा। लाश मिलने का पता चलने पर दहशत फैल गई। लोगों की सूचना पर हरमाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। मौका-मुआवना कर शव को फंदे से उतार कब्जे में लिया गया। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से शव को एसएमएस हॉस्पिटल की मॉच्यूरी भिजवाया।

# रोडवेज को डिपार्टमेंट बनाने की मांग हुई तेजः दीपावली बाद कर्मचारियों और अधिकारियों का संगठन करेगा बड़ा आंदोलन

**जयपुर।** समय पर वेतन-भत्तें और पेंशन नहीं मिलने से लगातार बढ़ते घाटे से राजस्थान रोडवेज की खराब स्थिति को देखते हुए रोडवेज के कर्मचारियों ने इसके मर्जर की मांग तेज कर दी है। रोडवेज के कर्मचारिरयों और अधिकारियों के संगठनों ने रोडवेज को राज्य सरकार का डिपार्टमेंट बनाने के लिए नवंबर से आंदोलन करने की बात कही है। उन्होंने हरियाणा रोडवेज की तर्ज पर राजस्थान रोडवेज को राज्य सरकार में मर्ज करने की बात कही है। राजस्थान रोडवेज के श्रमिक संगठनों का संयुक्त मोर्चा ने आज जयपुर में एक बैठक कर नवंबर से 9 चरणों में शुरू होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तय की। इसमें रोडवेज के कर्मचारियों ने 24 नवंबर को एक दिवसीय बड़ी हड़ताल करने का फैसला किया है। इस दिन पूरे प्रदेश में रोडवेज बसों का संचालन बंद रखा जाएगा।

## सम्पादकीय

# असुरक्षित परिसर

पंजाब के मोहाली स्थित निजी चंडीगढ़ विश्वविद्यालय में कई छात्राओं का आपत्तिजनक वीडियो बनाने और उसे अन्य लोगों को भेजने की जो घटना सामने आई है, वह कई स्तर पर दुखी और हैरान करने वाली है। प्रथम दृष्टया यह ऐसा करने के नतीजों की फिक्र किए बिना सिर्फ बेहद हल्केपन की वजह से की गई खुराफात लगती है, लेकिन किसी भी स्थिति में की गई ऐसी हरकत पीड़ित लड़कियों के सम्मान और यहां तक कि उनकी जिंदगी से भी खिलवाड़ है। अब तक जैसी खबरें आई हैं, उस संदर्भ में यह समझना मुश्किल है कि वहां पढ़ने वाली एक लड़की ने ही कई अन्य लड़कियों के नहाने के क्रम में चुपके से वीडियो बनाया तो उसके पीछे उसकी कौन-सी मंशा काम कर रही थी। अगर उसने अपने किसी दोस्त के कहने पर ऐसा किया तो उसका अपना विवेक क्या कर रहा था! विडंबना यह है कि इस घटना के उजागर होने के बाद जहां समूचे विश्वविद्यालय परिसर में सभी विद्यार्थी आक्रोश से भर गए और विरोध प्रदर्शन करने लगे, वहीं दबाव और तनाव की वजह से कई छात्राओं की हालत बिगड़ने के बावजूद विश्वविद्यालय प्रशासन से लेकर सरकार तक ने मामले को हल्का बना कर पेश करने की कोशिश की। विचित्र यह है कि एक समांतर वीडियो में आरोपी छात्रा के अपनी गलती स्वीकार करने की बात सामने आने के बावजूद प्रशासन की ओर से यह कहा गया कि घटना जैसी बताई जा रही है, वैसी नहीं है। जबकि दबाव बढ़ने पर पुलिस ने आरोपी लड़की का मोबाइल और अन्य उपकरण जब्त कर फोरेंसिक जांच के लिए भेजा तो इसके पीछे कुछ न कुछ आधार तो होगा? इसके अलावा, इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में भी पेश किया गया, जहां से उन्हें सात दिन के रिमांड पर भेजा गया। अगर इसके पीछे कोई और व्यक्ति या समूह है तो उसे भी कानून के कठघरे में लाया जाना चाहिए। किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की यह मांग होगी कि अगर ये आरोप साबित होते हैं तो कानून के मुताबिक दोषियों को सख्त सजा मिले। लेकिन सवाल यह भी है कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए जो छात्रावास बनाए गए हैं, उसमें नहाने की वह कैसी व्यवस्था है कि किसी छात्रा या अन्य व्यक्ति को चुपके से वीडियो बना लेने का मौका मिल जाता है? अगर इस तरह की असुरक्षित और लापरवाही भरी परिस्थिति में छात्राओं को रहना पड़ता है तो इसकी जिम्मेदारी किस पर आती है? इस तरह की व्यवस्था से जुड़े प्रश्नों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, खासतौर पर जब ऐसी घटना होने की खबर आ चुकी है। यह छिपा नहीं है कि हमारे सामाजिक परिवेश में आजकल बहुत सारे लोगों के हाथ में कैमरे से लैस स्मार्टफोन तो आ गए हैं, लेकिन इसके इस्तेमाल और इसके जोखिम को लेकर बहुत कम लोग जागरूक हैं। फिर युवाओं के भीतर उम्र या अन्य वजहों से जो मानसिक-शारीरिक उथल-पुथल होती है, उससे संतुलित तरीके से निपटने और खुद को दिमागी रूप से स्वस्थ और संवेदनशील बनाए रखने में कई आधुनिक तकनीक बाधा बन रही है। अगर ऐसी प्रवृत्तियां कभी किसी अपराध के रूप में सामने आती हैं तो निश्चित रूप से कानूनी तरीके से निपटना एक प्राथमिक उपाय होगा, लेकिन इसके दीर्घकालिक निदान के लिए इन आधुनिक तकनीकों या संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर विवेक और संवेदना का खयाल रखने के साथ-साथ सामाजिक प्रशिक्षण भी जरूरी है। फिलहाल उस विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थी, खासतौर पर छात्राएं और उनके अभिभावक परेशान हैं तो उनकी स्थिति समझी जा सकती है।

# आर्थिक विजय स्तूपों की असली तस्वीर

**सितंबर का महीना देश की आर्थिकी के रण में जैसे विजय पताकाएं लहराता आया है। आधिकारिक रिपोर्टों की ओर देखें तो लगता है कि देश अचानक तरक्की के वे मरहले पार कर गया, जिसका सपना कभी देखा गया था। एक देश एक कर, बहुत बड़ा सपना था, जिसमें जीएसटी उभरा और अभी जो नया आंकड़ा आया है, वह बता रहा है कि अगस्त में जीएसटी संग्रह 1.40 लाख करोड़ रुपए से पार चला गया। कभी सोचा गया था कि एक लाख करोड़ रुपए की प्राप्ति देश के लिए इष्टतम प्राप्ति होगी। शुरू के वर्षों में तो यह प्राप्ति इससे कहीं पीछे रह गई। अब कोरोना के बाद पैदा हुई मांग में सुधार, महंगाई की ऊंची दरों या कर मशीनरी का बेहतर अनुपालन, इनमें से किसकी या इन सबकी कृपा है कि जीएसटी इन बुलंदियों तक पहुंच गया है। दूसरी ओर रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्ति कांत दास साहब का बयान आ गया कि महंगाई के विरुद्ध हमने जो अभियान शुरू किया था उसमें विजय प्राप्ति होने लगी है। अनुमान है कि अगले वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में महंगाई कम होकर पांच फीसद के स्तर पर आ जाएगी।**

**भारत** का केंद्रीय रिजर्व बैंक घरेलू मुद्रास्फीति के दबाव को रोकने के लिए रेपो रेट में आक्रामक रुख बनाए हुए है, लेकिन इसके साथ स्टार्टअप निवेश के आंदोलन, खेती-बाड़ी को लघु और कुटीर उद्योगों के साथ जोड़ने और सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल होता दिखाई नहीं दे रहा। इसीलिए लगता है कि सपनों की बुलंदियां चाहे जितनी भी ऊंची हों, लेकिन वास्तविकता उससे परे कोई और तस्वीर दिखा रही है। जहां तक भारत को डिजिटल बना देने का संबंध है, आंकड़ा बता रहा है कि हम दुनिया में डिजिटल लेनदेन में सबसे आगे चले गए। यहां रोजाना 28.4 करोड़ रुपए का डिजिटल लेनदेन हो रहा है और 11.37 करोड़ किसानों को दो लाख करोड़ से अधिक की मदद दे दी गई है। इलेक्ट्रानिक्स और आइटी मंत्रालय कहता है कि इस क्षेत्र में भारत की सफलता की कहानी एक उदाहरण है। विकासशील देश ही नहीं, बल्कि विकसित देश भी इससे सीख लें। नागरिकों के जीवन में सुधार आ गया। शासन में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी के उपभोग का यह प्रमुख देश बन गया। उधर मैकिंजी ऐंड कंपनी के पश्चिमी विशारद भी भारत की तारीफ करते हुए नहीं थकते। वे कह रहे हैं कि दुनिया के लिए भविष्य की प्रतिभा का कारखाना है भारत। मैकिंजी कहता है कि हम इसी साल दिसंबर में भारत आएंगे। इस समय इस कंपनी में भारत के पांच हजार लोग हैं। बड़े प्रतिभावान हैं। इनकी संख्या हम दोगुनी कर देंगे। हमारी सफलता का कारण जो बताया जा रहा है, वह है वैश्विक आपूर्ति को पूरी करने वाली कंपनियां, कामकाजी आबादी और डिजिटल पैमाने में छलांग। हमारे पास सब कुछ है। बड़ी संख्या में काम करने वाले लोग हैं।

बहुराष्ट्रीय कंपनियां वैश्विक आपूर्ति कर रही हैं और 2047, जब हम सोचते हैं कि अपनी अर्थव्यवस्था का आकार पांच गुना बढ़ा देंगे यानी उसको 27 अरब डालर तक ले जाएंगे, 2029 में इसे पांच अरब डालर तक पहुंचा देना हमारा सपना तो है ही। तब हमारे भारतीय कौशल का यह चमत्कार होगा कि कुल कामकाजी आबादी में हमारी हिस्सेदारी बीस फीसद हो जाएगी। विनिर्माण के लिए हमारे देश में इतनी संभावनाएं हैं कि इनका अगर पूरा उपयोग कर लिया जाए तो बड़ी शक्तियां भी भारत का लोहा मान जाएंगी। कितनी अच्छी बातें हैं, कितने अच्छे आंकड़े हैं। भारत की 142 करोड़ जनता इन स्वप्नमुखी आंकड़ों को देख कर हर्षित और प्रफुल्लित हो सकती है। अभी वह आजादी का अमृत महोत्सव मना कर हटी है। उसके सामने पच्चीस साल का विकास और मेहनत का पथ बिछा दिया गया है, जिस पर चलेंगे तो 2047 में भारत एक विकसित देश बन जाएगा। एक प्रफुल्लित देश बन जाएगा और उसके अच्छे दिन पहचाने नहीं जाएंगे।

मगर आज जब इस पहचान के चंद चिह्न असल रूप से पहचानना चाहते हैं, तो पाते हैं कि बहुत कुछ है, जो केवल वायवीय स्तर पर ही हुआ। घोषणाओं के स्तर पर ही हुआ। सफल आंकड़ों के स्तर पर ही हुआ और जब लोगों ने अपनी जेबें तलाशीं तो उन्हें लगा कि वे एक मिथ्या आडंबर में जी रहे हैं। दुनिया की साख निर्धारण करने वाली कंपनी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटा कर 7.7



फीसद कर दिया। जबकि इसी मूडीज ने इससे पहले यह अनुमान 8.8 फीसद बताया था। आर्थिक विशारद कहते हैं कि ऊंची ब्याज दरें जहां निवेश को हतोत्साह करेंगी, वहां अवसादग्रस्त मंडी की मंदी अवस्था उसे और भी ठंडा कर देगी। मानसून अप्रत्याशित रहा। देश के पचपन फीसद भाग में औसत से कम बारिश हो गई और पैंतालीस फीसद में वो धारासार बारिश हुई कि बादल फट रहे हैं, बाढ़ आ रही है, धन-संपदा की हानि हो रही है। इसके साथ विश्व भर में चाहे वह रूस-यूक्रेन तनाव की वजह से हो या अमेरिका द्वारा अपनी मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के प्रयासों में अपनी फेडरल ब्याज दरों को बढ़ाने का प्रयास, इसने भारत से विदेशी निवेश को भगोड़ा कर दिया है। चाहे भारत का केंद्रीय रिजर्व बैंक घरेलू मुद्रास्फीति के दबाव को रोकने के लिए रेपो रेट में आक्रामक रुख बनाए हुए है, लेकिन इसके साथ स्टार्टअप निवेश के आंदोलन, खेती-बाड़ी को लघु और कुटीर उद्योगों के साथ जोड़ने और सहकारी आंदोलन को पुनर्जीवित करने का प्रयास सफल होता दिखाई नहीं दे रहा। इसीलिए लगता है कि सपनों की बुलंदियां चाहे जितनी भी ऊंची हों, लेकिन वास्तविकता उससे परे कोई और तस्वीर दिखा रही है। इसके साथ ही भारत की मूल समस्याएं हल नहीं हो पा रहीं।

सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी की है। हमने यह तो कह दिया कि भारत के आर्थिक विकास में इस वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 13.7 प्रतिशत की अप्रत्याशित वृद्धि प्राप्त कर ली है, लेकिन यह वृद्धि देश के बेरोजगारों के हिस्से में कितनी आई है और बड़े घरानों के हिस्से में कितनी, यह शोध की बात होगी। भारत पचहत्तर वर्ष पहले चला था, एक प्रजातांत्रिक समाजवादी व्यवस्था की स्थापना के लिए, जहां गरीब और अमीर में कोई भेद नहीं होगा। सही ढंग से जीने के अवसर सबको मिलेंगे और तरक्की करने में कोई इसलिए पिछड़ा नहीं रह जाएगा कि वह गरीब घर का बेटा है। जन कल्याण योजनाएं इसीलिए शुरू की गई थीं, लेकिन अब वे रेवड़ी संस्कृति के दबाव में फंसती हुई दिखाई दे रही हैं। इसीलिए महंगाई के आंकड़े आम जनता की जेबें तराशने में लगे हैं। चोरबाजारी, कालाबाजारी के अहलकार अपना-अपना खेल खेलने में निमग्न हैं और ऐसी बातें क्यों सामने आ रही हैं कि देश की युवा पीढ़ी के लिए देश में रोजगार की व्यवस्था की गति इतनी धीमी है कि उसे निराश होकर विदेश की ओर पलायन करना पड़ता है और वहां भी आजकल उसके लिए दरवाजे बंद हो रहे हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। आपका मानभंग होने का प्रसंग न बनें, इसका ध्यान रखें। नए काम की शुरुआत आज ना ही करें।

### वृषभ
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### मिथुन
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। आर्थिक लाभ होंगे।

### कर्क
आज आय के मुकाबले खर्च अधिक रहेगा। आंखों में दर्द की समस्या आ सकती है। मानसिक चिंता बनी रहेगी। लोगों से सादगीपूर्ण व्यवहार करें। किसी तरह का कन्फ्यूजन ना हो, इसका ध्यान रखें।

### सिंह
आर्थिक दृष्टिकोण से दिन लाभदायी रहेगा। पारिवारिक वातावरण भी अच्छा रहेगा। आज सुबह का समय बहुत अच्छी तरह से गुजरेगा। सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आनंदप्रद और लाभप्रद समाचार मिलेंगे।

### कन्या
मित्रों के साथ दिन अच्छा बीतेगा। आय में वृद्धि होगी तथा धन लाभ होगा। दोपहर के बाद आपकी वाणी और व्यवहार से किसी को परेशानी हो सकती है। वाहन चलाने में सावधानी रखें। मानसिक चिंता बढ़ सकती है।

### तुला
आपका दिन अनुकूल रहेगा। परिजनों के साथ आपके संबंध अच्छे बने रहेंगे। दोस्तों और स्वजनों से उपहार मिल सकता है। दोपहर के बाद आपमें किसी बात का कन्फ्यूजन रहेगा। जल्दबाज़ी में कोई काम ना करें।

### वृश्चिक
आज सुबह आपका मन किसी बात को लेकर चिंता में रहेगा। नौकरी में अधिकारी आप से अप्रसन्न रहेंगे। संतान के साथ भी मतभेद हो सकता है, लेकिन दोपहर के बाद कार्यालय के वातावरण में सुधार होगा।

### धनु
आध्यात्मिकता और ईश्वर की प्रार्थना से अनिष्ट से बच सकेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। सभी के साथ आप अच्छा व्यवहार रखें। वाणी पर संयम रखने से परिस्थिति अनुकूल बनी रहेगी।

### मकर
व्यापार में कोई मुश्किल आ सकती है। पार्टनरशिप के काम में आप ध्यान रखें। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपका दिन मिश्रित फलदायी है। सुबह के समय आप आनंद और मनोरंजन में डूबे रहेंगे।

### कुंभ
पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। दोपहर बाद मन में कई तरह के नेगेटिव विचार आने से काम में मन नहीं लगेगा। परिजनों के साथ अधिक वाद-विवाद न करें। आध्यात्मिकता आपको शांति प्रदान करेगी।

### मीन
बातचीत करते समय क्रोध ना करें। परिवार में सुख-शांति और आनंदपूर्ण वातावरण बना रहेगा। मान सम्मान मिलने की भी संभावना है। दोपहर के बाद का समय आप मित्रों और स्वजनों के साथ सावधानीपूर्वक बिताएं।

## व्यापार समाचार

# देश में 2024 तक 90 से अधिक हवाईअड्डे कार्बन उत्सर्जन के मामले में तटस्थ होंगे : सिंधिया

नई दिल्ली।

नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंगलवार को कहा कि देश में 90 से अधिक हवाईअड्डे 2024 तक कार्बन उत्सर्जन के मामले में तटस्थ होंगे। वहीं अगले पांच साल में हवाईअड्डों की संख्या बढ़कर 220 हो जाएगी। किसी इकाई के कार्बन तटस्थ होने का मतलब है कि जितना वह अपनी गतिविधियों के जरिये कार्बन उत्सर्जन करती है, उतना ही वातावरण से कार्बन हटाती है। मंत्री ने कहा कि देश में 141 हवाईअड्डे है। इनमें से कोच्चि और दिल्ली हवाईअड्डे कार्बन तटस्थ हैं। 'ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन' के राष्ट्रीय सम्मेलन में सिंधिया ने कहा, ''नागर विमानन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभालने के बाद जो पहला काम मैने किया, वह हवाईअड्डों पर कार्बन उत्सर्जन को लेकर खाका तैयार करना था। हमारे दो हवाईअड्डे दिल्ली और कोच्चि पहले से कार्बन तटस्थ हैं और 2024 तक देश के 92-93 हवाईअड्डे कार्बन तटस्थ होंगे।'' उन्होंने कहा, ''नागर विमानन चर्चा में रहने वाला क्षेत्र है। यह लोगों का काफी अधिक ध्यान आकर्षित करता है लेकिन अगर आप ग्रीनहाउस गैसों और कार्बन



उत्सर्जन में इसके योगदान को देखें तो यह काफी कम है। दुनिया में कुल कार्बन उत्सर्जन में इसकी हिस्सेदारी महज दो प्रतिशत है।'' मंत्रालय का लक्ष्य 2030 तक शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य है। सिंधिया ने कहा, ''भारतीय हवाईअड्डे न केवल 2030 तक शुद्ध रूप से शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करेंगे बल्कि उस समय तक हवाई यात्रियों की संख्या 40 करोड़ से अधिक होगी।

फिलहाल घरेलू और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या 20 करोड़ से अधिक है। लेकिन यात्रियों की संख्या में होने वाली वृद्धि को संभालने के लिये बुनियादी ढांचे में सुधार तथा उसे बढ़ाने की जरूरत है।'' उन्होंने यह भी कहा, ''पिछले आठ साल में देश में हवाईअड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 141 हो गयी है और यह अगले पांच साल में बढ़कर 220 हो जाएगी।'' मंत्री ने विमानन क्षेत्र में एक परिवेश बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''यह समय एक परिवेश बनाने का है। ठीक उसी प्रकार जैसा कि वाहन क्षेत्र में है। यह केवल एयरलाइन और हवाईअड्डों तक ही नहीं होना चाहिए बल्कि उड़ान और प्रशिक्षण संगठनों, कार्गो, 'ग्राउंड हैंडलिंग' तथा ड्रोन को लेकर भी होना चाहिए। इस तरह के परिवेश को विकसित करने के लिये मजबूती से कदम उठाए जा रहे हैं।'' इस्पात मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे सिंधिया ने कार्यक्रम के दौरान अलग से संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि सरकार निर्यात शुल्क के मुद्दे पर गौर कर कर रही है।

# छत्तीसगढ़ में एक नवंबर से होगी धान खरीदी

रायपुर।

छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान की खरीद करने का फैसला किया है। जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की घोषणा की है। राज्य में धान उपार्जन के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है। धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर सभी धान खरीदी केंद्रों में जरूरी इंतजाम करने का निर्देश दिया गया है।

उन्होंने बताया कि राज्य में धान उपार्जन के लिए नए किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगी। अनुमान है कि इस वर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या 25 लाख के पार पहुंच जाएगी। बीते वर्ष 24.05 लाख किसानों ने धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था, जबकि वर्ष 2020-21 में पंजीकृत किसानों की संख्या 21.52 लाख थी। विपणन वर्ष 2021-22 में किसानों की संख्या विपणन वर्ष 2020-21 की तुलना में ढाई लाख से ज्यादा बढ़ गई थी। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में धान का पंजीकृत रकबा बीते तीन साल में 25.60 लाख हेक्टेयर से बढ़कर 30.26 लाख हेक्टेयर हो गया है। इस वर्ष पंजीकृत रकबे में और वृद्धि अनुमानित है।






# मारोठ व सौलायां में सहकारी समिति सदस्यों के चुनाव संपन्न

## आज आएगा परिणाम



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम पंचायत मारोठ व सौलायां में मंगलवार को सहकारी समिति के सदस्य पदों के लिए चुनाव सम्पन्न हुए। सभी पदों के लिए वोटिंग प्रातः 10 बजे शुरू हुई जो सांय 4 बजे तक चली। वोटिंग के पश्चात निर्वाचन अधिकारी द्वार एजेंटों के हस्ताक्षर करवाकर मत पेटियों को सील किया गया। मतगणना के साथ ही बुधवार को सहकारी समिति चुनाव में किस्मत आजमा रहे सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा। मारोठ सहकारी समिति के 2 वार्डों में निर्विरोध सदस्य चुने गए 9 वार्डों में सदस्य पद के लिए 19 उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे थे उनका भाग्य मत पेटियों में बंद हो गया। वहीं 1 वार्ड में प्रत्याशी नहीं मिलने के कारण चुनाव नहीं हुए। ऐसे ही सौलायां सहकारी समिति चुनाव में 5 वार्डों में निर्विरोध सदस्य चुने गए वहीं 5 वार्डों 5 वार्डों में सदस्य पद के प्रत्याशियों के भाग्य मत पेटियों में बंद हो गए शेष 2 वार्डों में चुनाव नहीं हुए।

# धड़ल्ले से हो रहा है गीली लकड़ियों का अवैध परिवहन

## अवैध परिवहकर्ता बेखौफ



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे सहित आसपास की ग्राम पंचायतों देवली, मिंडा, सौलायां, भूणी, महाराजपुरा सहित सम्पूर्ण क्षेत्र में गीली लकड़ियों की कटाई और अवैध परिवहन धड़ल्ले से हो रहा है। अवैध परिवहन चाहे गीली लकड़ियों का हो या फिर अवैध बजरी और पत्थरों का हो सभी अवैध कारोबार करने वालो का कारोबार दिन दुगुना और रात चौगुना फल फूल रहा है। अवैध परिवहन दिन और रात हो रहा है। कार्यवाही करने वाले जिम्मेदार अधिकारी कहने को हर समय मुस्तेद रहते हैं कभी नाकाबंदी तो कभी गस्त में, कभी कभार विभाग इन पर दिखावे की कार्यवाही भी कर अपनी पीठ थप  थपा लेता है किन्तु ऐसी कार्यवाहियां नाकाफी ही साबित हुई है। बात करे गीली लकड़ियों की अवैध कटाई से लेकर अवैध परिवहन की तो मारोठ के आस पास कि ग्राम पंचायत क्षेत्रो में दिनदहाड़े हरे भरे अल्डू, बबूल, नीम खेजड़ी आदि पेड़ों की कटाई बहुतायत से छोटी कटिंग मशीनों से की जाती है। लकड़ियों को ट्रैक्टर ट्रोलियों में भर-भर कर नावां और मिंडा के रास्ते किशनगढ़ रेनवाल (जयपुर) बेचने को परिवहन किया जाता हैं। मारोठ से आगे मिंडा तक मारोठ के अलावा कोई पुलिस थाना नहीं होने और गस्त और कार्यवाही के भय से मुक्त अवैध परिवहनकर्ता बेखौफ होकर अवैध परिवहन करते हैं।

# समाजसेवी गोदारा ने खिलाड़ियों को वितरित किए वितरित



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम टापरवाड़ा में ब्लॉक स्तर पर प्रथम रही कबड्डी टीम को समाजसेवी मूलाराम गोदारा ने भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल व्यक्ति को मजबूत बनाते हैं। खेलों के बिना सर्वांगीण विकास का सपना अधूरा है। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी मौजूद रहे।

# लिचाना में इम्युनिटी बूस्टर कैंप स्वर्णप्राशन आज

सद्दाम रंगरेज

**कुचामन सिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** चिकित्सा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मोहम्मद इब्राहिम राव ने बताया कि आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर लिचाना एवं लिचाना विकास समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरूवार को ग्राम लिचाना में इम्युनिटी बूस्टर स्वर्णप्राशन कैंप मे दवा पिलाई जाएगी। डॉ. राव ने कैंप के बारे में जानकारी देते हुवे बताया कि स्वर्ण प्राशन गोल्ड के नैनो पार्टीकल्स के कॉलॉइडल मिश्रण से बनी दवा है जो 1वर्ष से 16 वर्ष तक के बच्चों को दो बूँद की मात्रा मे पिलाई जा सकती है। इससे बच्चों मे रोग प्रतिकारक क्षमता का विकास होता है, जिसकी आज के समय मे सबसे अधिक आवश्यकता ह। साथ ही इससे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास मे मदद मिलती है। डॉ. राव ने बताया की लिचाना ग्राम के विद्यालयों के बच्चों रजिस्ट्रेशन एक दिन पहले ही कर लिया गया है। बच्चों को दवा पिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी कैंप मे किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन कार्य के लिये लिचाना विकास समिति के गिरधारी सिंह, प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह, महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय की प्रधानाचार्या वंदना, कंपाउंडर लालू प्रसाद, प्रीति सोलोमन, नितेश जैन, सरोज आदि ने सहयोग किया।

# बड़ी खाटू में प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे रहेगी बिजली कटौती

पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू ग्राम पंचायत में सुबह 9 बजे से दोहपर के 2 बजे तक बिजली कटौती रहेगी। कनिष्ठ अभियंता मोहित वर्मा ने बताया कि 33/11 केवी जीएसएस बड़ी खाटू में रखरखाव कार्य के चलते बिजली आपूर्ति रहेगी।

# उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक ने किया मेड़ता रोड डेमू शेड का निरीक्षण

## स्थानीय नागरिकों ने बताई अपनी समस्याएं

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विजय कुमार शर्मा डेमू शेड के निरीक्षण के लिए एक दिन के दौरे पर मंगलवार को निर्धारित समय 11 बजे मेड़ता रोड पहुंचे। यहां उन्होंने एडीएमई कार्यालय पहुंचकर पौधरोपण किया, तत्पश्चात डेमू शेड का निरीक्षण किया।

इस दौरान स्थानीय लोगों ने महाप्रबंधक को माला व साफा पहनाकर स्वागत करते हुए मां ब्रह्माणी की तस्वीर भेंट की और अपनी अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपे। बाईपुरा मोहल्ले के अनेक पुरुषों और महिलाओं ने सरपंच प्रेम देवी झोटवाल के नेतृत्व में महाप्रबंधक को ज्ञापन देते हुए बताया कि रेलवे द्वारा पूर्व में बनी हुई रेलवे बाउंड्री को तोड़कर उसके स्थान पर आरसीसी की ऊंची दीवारें बनवाई जा कर रेलवे बाउंड्री में दिए गए रास्तों को बंद किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लोगों के आवागमन के लिए रास्ते बंद हो जाएंगे।

**कृष्णा नगरवासियों ने भी सौंपा ज्ञापन :** इसी प्रकार डेमू शेड के पूर्वोत्तर में स्थित कृष्णानगर वासियों ने भी ज्ञापन देते हुए मांग की कि जिस प्रकार बाईपुरा क्षेत्र के लोगों को रेलवे द्वारा 8 फीट का रास्ता दिया गया था, उसी प्रकार कृष्णा नगर के निवासियों को भी 8 फुट का रास्ता दिया जाकर आगे के रास्ते से मिलवाया जाए, जिससे उनका आवागमन भी सुचारु हो सके। ज्ञापन लेने के बाद डीआरएम गीतिका पांडे ने स्थानीय निवासियों का आश्वासन दिया कि आपकी समस्या का तुरंत समाधान करा दिया जाएगा।

उन्होंने मौके पर ही रेलवे के आला अधिकारियों को आदेश दिए कि जब तक स्थानीय कॉलोनी वासियों की समस्या का समाधान नहीं हो जाता है तब तक रेलवे की बाउंड्री निर्माण कार्य को रोक दिया जाए। इस दौरान डीआरएम पांडे ने कहा कि मैं आप लोगों की समस्या का समाधान आप लोगों की बेटी बनकर करूंगी। उन्होंने कहा कि यह समस्या आप लोगों की नहीं आपकी बेटी की समस्या है जिसका तुरंत प्रभाव से नियमानुसार समाधान करवा दिया जाएगा। डीआरएम की मुख्य वाणी सुनकर स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली तथा डीआरएम जिंदाबाद के नारे लगाए। डीआरएम को अपनी समस्या बताने आई महिलाओं ने माला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया।

### ब्रह्माणी माता मंदिर ट्रस्ट ने भी दिया ज्ञापन

इस दौरान ब्रह्माणी माता मंदिर ट्रस्ट द्वारा भी रेलवे स्टेशन के बाहर से लगातार हो रही दुपहिया वाहनों की चोरी को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त करने और पार्किंग व्यवस्था को पुनः शुरू करने के संबंध में ज्ञापन दिया गया। वहीं महाप्रबंधक डेमू  शेड के दौरे के दौरान वहां पर हो रहे नवनिर्मित डेमो सेट के कार्य को जांचा व परखा तथा पूर्व में बने डेमू शेड में खड़ी डेमू ट्रेन की भी पूरी तरह से स्थानीय कर्मचारियों से तथा अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। महाप्रबंधक के दौरे के दौरान जोधपुर मंडल रेल महाप्रबंधक सुश्री गीतिका पांडे सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

# कॉंग्रेस 36 कौम की पार्टी : गोविंद डांगा

## डांगा प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोनीत

### आज होगा रियांबड़ी में सम्मान समारोह आयोजित

इलियास खान



**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ )।** पंचायत समिति के उपप्रधान गोविंदकरण डांगा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनोनीत होने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। पादुखुर्द डांगा निवास पर दिनभर बधाई देने वाले लोगो का तांता लगा रहा। इस मौके पर नाव मनोनीत पीसीसी सदस्य डांगा ने कहा कि कॉंग्रेस पार्टी 36 कोम की पार्टी है।

पार्टी में सभी लोगो को मौका मिलता है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कालू खा ने डांगा की पीसीसी सदस्य मनोनीत को कार्यकर्ताओं के हित मे बताते हुए कहा कि यह पार्टी का निर्णय कार्यकर्ताओं की भावना का निर्णय है। इससे कॉंग्रेस पार्टी मजबूत होगी। ब्लॉक कांग्रेस संगठन महामंत्री रामनिवास भाटी ने डांगा के सदस्य बनने को संगठन के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। भाटी ने बताया कि डांगा के पीसीसी सदस्य बनने पर पहली बार रियांबड़ी पहुंचने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 21 सितम्बर को अभिनन्दन किया जाएगा। इसमें ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य सहित आम कार्यकर्ता भाग लेंगे।

**ये रहे उपस्थित :** डांगा के सदस्य बनने पर पूर्व उपप्रधान राजूराम माली, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता जगदीश राठी, पूर्व सरपंच सम्पतराज भाटी, पूर्व उपसरपंच देवीसिंह बड़गुर्जर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष माणकचन्द पारासर, कांग्रेस ओबीसी विभाग जिला अध्यक्ष भरतकुमार सैनी, जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य सुखदेव भाटी, जिला महासचिव रामकिशोर तिवाड़ी आदि ने डांगा के पीसीसी सदस्य बनाये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

# कचरा निस्तारण की हो उचित व्यवस्था



## -ग्राम पंचायत की बैठक में साफ-सफाई का मुद्दा छाया

जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र में मंगलवार को ग्राम पंचायत की बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी रामप्रेम ओलण ने की। बैठक में विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वार्डपंच रिजवान अली ने साफ सफाई का मुद्दा उठाते हुए बताया कि कचरा निस्तारण की व्यवस्था उचित नही हैं। वार्ड के अनुसार कचरा प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि स्वच्छता मिशन की सार्थकता बनी रहे। बैठक में पट्टों का नवीनीकरण भी किया गया।

बैठक में राजीव गांधी कांग्रेस कमेटी महासचिव सिकन्दर तेली, बरकत दायमा, वार्डपंच रिजवान अली, शकूर मोहम्मद, इंसाफ अली, शौकत अली, तालीम मुल्तानी, कनिष्ठ सहायक पुखराज, श्यामलाल मालाकार, मोंटू सिंह, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# घूमने के लिए पूरा विश्व है लेकिन रहने के लिए कोई भूमि है तो वह भारत है : पुज्य व्यास

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मनुष्य धर्म को भूला नहीं है, भटका है। जीवन में भय नहीं भाव होना चाहिए। भागना जीवन नहीं है, भोगना जीवन है। जीव के लिए कर्म है और परमात्मा के लिए प्रेम है। तारकेश्वर महादेब मंदिर परिसर पर भट्टड़ परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के पंचम दिवस मंगलवार को कथा सुनाते हुए राष्ट्रवादी प्रवक्ता मदन मोहन महाराज ने कही। भगवान योगेश्वर ने भूमि का भार उतारने के लिए भक्तों के बीच अवतरित हुए। भूमि पर अवतरित होने के पश्चात सभी को जगाने का कार्य किया। किसी को रोके जगाया, किसी को नाच के जगाया, किसी को बासुरी बजाकर जगाया, किसी को प्रेम से जगाया। महाराज ने कहा कि हम कोशिश करे कि जीव मात्र से हमारा प्रेम हो। आज सभी ने भगवान गोवेर्धन नाथ की पूजा की। पूतना वध, शकट वध सहित कृष्ण लीला से जुड़े कई प्रसंगों का मार्मिक चित्रण किया। महाराज श्री ने बताया कलयुग के प्रत्यक्ष देव भगवान गोवेर्धन नाथ स्वयं भगवान योगेश्वर ही है । 56 भोग लगाकर भट्टड़ परिवार ने गोवेर्धन की पूजा की। कथा को जांबवंत गुफा, पीरखोह मन्दिर जम्मू कश्मीर के पीठाधीश्वर पीर रतननाथ महाराज ने भी सम्बोधित किया। बड़ी संख्या में लोग उपस्तिथ हुए एवं महाराष्ट्र लातूर, मुम्बई, जोधपुर, जयपुर से भक्तों का आगमन हुआ। सुमन भट्टड़ ने बताया कि सभी लोगो ने प्रसादी ली। विशिष्ठ अतिथि के रूप में लातूर से मराठावाड़ा नेता के संपादक रामेश्वर बद्दर, चंदू सेठ लड्डा का आगमन हुआ।

# सहकारिता ग्रामीण विकास की धुरी : किलक

## ग्राम सेवा सहकारी मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** निकटवर्ती ग्राम पुंदलौता में संपन्न हुए ग्राम सेवा सहकारी समिति संचालक मण्डल के चुनाव में चुनाव में रामकुंवार किलक को अध्यक्ष एवं गंगाराम सारण को उपाध्यक्ष चुना गया। गांव के पूर्व सरपंच विशाल किलक के निजी आवास पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों सम्मान समारोह पूर्व सहकारिता मंत्री अजय किलक के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री अजय सिंह किलक ने कहा कि सहकारिता सार्वजनिक और निजी जीवन का मूल मंत्र है। सहकारिता ग्रामीण विकास की धुरी है। हम सहकारिता के मूल भाव 'एक सबके लिए-सब एक के लिए को जीवन में आत्मसात करेंगे, तभी उन्नति संभव है। पंचायत समिति सदस्य एवं उद्योगपति सुखराम धूण ने कहा कि हमें राजनीतिक भेदभाव से ऊपर उठकर पारदर्शिता एवं ईमानदारी के साथ सहकारिता को सशक्त करने के लिए काम करना होगा। धीरे-धीरे पूरे देश में सहकारिता की स्थिति में सुधार हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच विशाल किलक, संजय किलक, बुद्धाराम छाबा, पन्नाराम धूण, अशोक किलक, बलदेव ज्याणी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक छात्रावास प्रवेश की अंतिम तिथि 30 सितंबर

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** अल्पसंख्यक मामलात विभाग राजस्थान जयपुर द्वारा समाज कल्याण विभाग की तर्ज पर संचालित अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास नागौर में अधिकाधिक प्रवेश हेतु जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के नेतृत्व में मंगलवार को मिर्धा कॉलेज, माडीबाई कॉलेज, सूफिया कॉलेज नागौर व आस-पास के गांव-मौहल्लों में बालिकाओं व उनके अभिभावकों से संपर्क किया गया। माडीबाई कॉलेज प्रांगण में समस्त छात्राओं की एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा ने विभाग द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृति, अनुप्रति कोचिंग योजना, अंबेडकर डीबीटी योजना व छात्रावास में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं यथा खाना, रहना, बर्तन, बिस्तर, पोषाक, जूते, मौजे आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि अल्पसंख्यक बालिका छात्रवास बालवा रोड़ नागौर में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 250 लाख की लागत से बनकर तैयार हो गया है और इसकी क्षमता 50 छात्राओं की है। छात्रावास प्रवेश फार्म एप्लाई करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर हैं।

# आंतरोली कला के पूर्व सरपंच ने स्टाम्प विक्रेता पर लगाया फर्जी पट्टे बनाने का आरोप

## डेगाना पुलिस कर रही है मामले की जांच

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना पंचायत समिति की ग्राम पंचायत आंतरोली कलां के पूर्व सरपंच मदनसिह ने डेगाना तहसील मे स्टाम्प विक्रेता के खिलाफ पुलिस थाना डेगाना में रिर्पोट दर्ज करवा कर बताया की मदनसिंह ग्राम पंचायत आंतरोली कला में सन् फरवरी 2015 से जनवरी 2020 तक ग्राम पंचायत आंतरोली कलां का निर्वाचित सरपंच के पद पर रहा तथा ग्राम पंचायत के अन्तर्गत ग्राम आंतरोली कलां, आंतरोली खुर्द एंव सारसण्डा ग्राम थे। पंचायत समिति डेगाना के द्वारा ग्राम पंचायत आंतरोली कलां के अधीन आने वाले आबादी क्षेत्र के पट्टे जारी करने हेतु 5 साल के कार्यकाल में कुल 4 पट्टा बुके ग्राम पंचायत को जारी की गई। इसके पट्टा बुक संख्या 23 में पट्टा क्रम संख्या 2101 से 2150, वर्ष 2017-18 में पट्टा बुक संख्या 18 पट्टा संख्या 0851 से 900 वर्ष 2017-18 एवं पट्टा बुक संख्या 64 पट्टा कम संख्या 3151 से 3200 वर्ष 2018-19 एंव पट्टा बुक संख्या 41 पट्टा कम संख्या 2001 से 2050 वर्ष 2019-20 जारी हुई थी। उपरोक्त पट्टा बुकों से ही उन्होंने अपने सील ओर हस्ताक्षरों से पट्टे जारी किये गये थे। उक्त पट्टा बुक के अलावा अन्य कोई भी पट्टा जारी नहीं किया गया। पूर्व सरपंच मदनसिंह ने बताया की अभी कुछ दिनों पूर्व ज्ञात हुआ है कि कुछ लोगों ने डेगाना तहसील परिसर में स्टाम्प विक्रेता दुर्गाराम उर्फ सुखाराम पुत्र हरजीराम जाति जाट निवासी सारसण्डा तहसील डेगाना जिला नागौर ने ग्राम सारसण्डा के कई लोगों से मिलकर अवैध रूप से  लाखों रूपये की राशि वसूल कर  फर्जी तरीके से पट्टा बुक तैयार कर उस पर ग्राम विकास अधिकारी एवं सरपंच की फर्जी तरीके से सील मोहरे लगाकर सरपंच मदनसिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गोदारा के फर्जी एवं कूटरचित हस्ताक्षर कर कई लोगो को पट्टे जारी कर दिये। तथा उक्त कूटरचित पट्टों का उप पंजियन कार्यालय डेगाना में प्रस्तुत कर फर्जी तरीके से  पट्टों का पंजियन भी करवा लिया। जिसकी जानकारी मिलने पर उप पंजियन कार्यालय डेगाना में उपस्थित होकर दिनांक दो सितंबर को पट्टा पंजियन डीड की नकल प्राप्त की। तब मुझे हजारीराम पुत्र छोटूराम जाट निवासी सारसण्डा के नाम से पट्टा संख्या 6891 बुक संख्या 18 मिशल संख्या 75 / 2018-19 जारी दिनांक 20 दिसंबर 2019 जारी करने की जानकारी मिली  उक्त पट्टा पर फर्जी तरीके से सीले लगाकर हस्ताक्षर किये हुये हैं। तथा उक्त पट्टे का दिनांक 31 मई 2019 का प्रतापराम पुत्र छोटूराम जाट निवासी सारसण्डा एंव  दुर्गाराम स्वयं फर्जी तरीके से गवाह बनकर उप पंजियन कार्यालय में यह जानते हुवे कि उक्त पट्टा फर्जी एवं कूटरचित है प्रस्तुत कर पंजियन करवा लिया। इसी प्रकार हरजीराम पुत्र छोटूराम जाट निवासी सारसण्डा सहित कुल 8 पट्टों की प्रमाणित प्रतिलिपिया मुझे प्राप्त हुई है. जिन पर सरपंच मदनसिंह एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गोदा के फर्जी हस्ताक्षर किये हुवे थे। इसके अलावा  अन्य 7 पट्टों का विवरण इस प्रकार गणपत सिंह पुत्र बालसिंह, जालनाथ पुत्र मोहननाथ, रामरख पुत्र खेताराम, प्रतापराम पुत्र छोटूराम, जगदीश प्रसाद वेष्णव पुत्र सुगनदास, रामनिवास पुत्र त्रिबक्स नाई व रेणू पत्नी रामअवतार वेष्णव सभी सारसडा निवासी है।

इस पर सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी के फर्जी सील मोहरे लगाकर हस्ताक्षर कर जारी कर दिये एवं इन पट्टा का उप पंजियन अधिकारी से पंजियन भी करवा लिये। पंजियन के समय साक्षीगण भी फर्जी तरीके से बनाये गये है तथा कई पट्टे गांव की आबादी भूमि से बाहर सरकारी / गौचर भूमि के जारी किये गये है। इस प्रकार पूर्व सरपंच मदनसिंह ने आरोप लगाकर बताया की दुर्गाराम ने कई लोगों से मोटी रकम लेकर फर्जी एवं कूटरचित तरीकों से लोक सेवकों की फर्जी सील मोहरें लगाकर पट्टे जारी किये है। जिन पर मेरे एवं ग्राम विकास अधिकारी मुकेश गोदारा के हस्ताक्षर नहीं है तथा फर्जी तरीके से साक्षीगण बनाकर पट्टों का पंजियन भी उप पंजियन कार्यालय डेगाना से करवा लिये। इसे लेकर पूर्व सरपंच ने रिर्पोट देकर मामले की छानबीन कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाही करने की मांग की। रिर्पोट के आधार पर पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत ओर पंचायत समिति तथा तहसील कार्यालय में पट्टा संबधि रिकार्ड की जांच कर रही है।

## गैंगस्टर संदीप बिश्नोई हत्याकांड

# पंजाब के बंबीहा ग्रुप व हरियाणा की दिप्ती गैंग ने किया गैंगस्टर संदीप बिश्नोई की हत्या का दावा

## ईधर....गैंगस्टर गोल्डी बरार का सोशल मीडिया पर दावा, गांव के ही छोट्या विश्नोई ने करवाया मर्डर

## एडीजी राठौड़ ने कहा सभी आरोपी चिन्हित






### राजसमंद पुलिस ने 5 संदिग्ध युवकों को लिया हिरासत में

सद्दाम रंगरेज, संपादक

**नागौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को नागौर कोर्ट में हुए हरियाणा के सेठी गैंग के सरगना संदीप बिश्नोई हत्याकांड मामले में राजसमंद पुलिस ने 5 संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। इनके पास से हरियाणा नम्बर की गाड़ी भी बरामद की है। संदीप के हत्यारे यहीं लोग है या नहीं, इसके बारे में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। डीजीपी एमएल लाठर के निर्देश पर एसओजी के एडीजी अशोक राठौड़ देर रात नागौर पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए 7 टीमों का गठन किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को नागौर कोर्ट के बाहर गैंगस्टर संदीप बिश्नोई की शूटरों ने दिनदहाड़े गोली मार हत्या कर दी थी। इस हत्याकांड मामले में एसओजी एडीजी अशोक राठौड़ और अजमेर रेंज आईजी रुपिंदर सिंह सोमवार देर रात नागौर पहुंचे। नागौर के एसपी ऑफिस में एडीजी अशोक राठौड़ ने एसपी राममूर्ति जोशी, एएसपी राजेश मीना सहित पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। एडीजी ने बैठक के दौरान गैंगेस्टर संदीप बिश्नोई उर्फ संदीप शेट्टी की हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान, गैंगवार और गिरफ्तारी जैसे बिंदुओं पर चर्चा करने के जरूरी निर्देश जारी किए।

#### आरोपी चिन्हित : एडीजी अशोक राठौड़

बैठक के बाद एडीजी अशोक राठौड़ ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि गैंगेस्टर संदीप बिश्नोई की हत्या मामले में आईजी रुपिंदर सिंह और एसपी राममूर्ति जोशी ने घटना, कारणों और आरोपियों से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां जुटा ली है। एडीजी ने कहा नागौर पुलिस ने 5 नामजद आरोपियों को चिन्हित कर लिया है। अब गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं। उधर संदीप बिश्नोई की हत्या की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी नागौर के जेएलएन अस्पताल पहुंच गए। मामले में पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई को पूरा किया है। सोमवार रात करीब 2 : 30 बजे संदीप शेट्टी का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

#### बंबीहा ग्रुप ने ली हत्या की जिम्मेदारी

सोमवार रात को बंबीहा ग्रुप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इसकी जिम्मेदारी ली है। बताया जाता है कि यह गैंग आर्मेनिया से ऑपरेट होती है। पंजाब की गैंग बताई जा रही है। आपको बता दें नागौर कोर्ट के बाहर सोमवार दोपहर में पांच शूटरों ने गैंगस्टर संदीप शेट्टी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। ये पांचों शूटर दो बाइक पर आए थे और संदीप शेट्टी जैसे ही कोर्ट से बाहर निकला, घात लगाकर बैठे इन शूटरों ने संदीप पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। एक शूटर ने पीछे से संदीप सेठी के ठीक बराबर आकर संदीप सेठी के कनपठी पर गोली मारी। इस दौरान गैंगेस्टर वहीं गिर गया। जिसके बाद शूटरों ने उस पर और फायरिंग की। इसके कारण उसके साथी रवि पूनिया और धर्मवीर के भी पैर और जांघ में गोली लगी। हालांकि ये दोनों अभी दोनों खतरें से बाहर बताए जा रहे हैं। संदीप सेठी उर्फ संदीप बिश्नोई हरियाण का गैंगस्टर था तथा वह शराब के कारोबार समेत हथियारों की सप्लाई में भी लिप्त था।

#### गैंगस्टर गोल्डी बरार ने लिखा, संदीप का मर्डर गांव के ही छोट्या विश्नोई ने करवाया

पंजाब की बंबीहा गैंग ने भले ही सोशल मीडिया पर इस वारदात की जिम्मेदारी ली हो लेकिन पुलिस इस गैंगवार में सबसे बड़ा हाथ हरियाणा की दीप्ति गैंग का होना मानकर चल रही है। क्योंकि दीप्ति गैंग से ही संदीप सेठी गैंग का छत्तीस का आंकड़ा था। मंगलवार दोपहर बाद दीप्ति गैंग ने भी संदीप विश्नोई के मर्डर की जिम्मेदारी ली है। इधर, कनाड़ा में बैठे गैंगस्टर गोल्डी बरार ने एक पोस्ट शेयर करते हुए बंबीहा ग्रुप के दावे को खारिज किया है। गोल्डी ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- संदीप का मर्डर उसके गांव के रहने वाले ही छोट्या विश्नोई ने करवाया। दोनों के बीच 10 साल पुरानी रंजिश थी।

## गायों के लिये एमएलए फंड से एम्बुलेंस देने का करें प्रावधान : विधायक बेनीवाल

हुकमाराम ताडा



**खीवंसर( नागौर डेली न्यूज ) :** विधानसभा में मंगलवार को खींवसर विधायक नारायण बेनीवाल गायों में फैल रही लंपी डिजीज पर हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि आज लम्पी जैसी बिमारी ने पूरे प्रदेश में पैर पसार लिये है। उस पर हम सभी को गंभीरता से विचार करके कारगर कदम उठाने होंगे। सभी विधायकों ने अपने विधायकों से 10-10 लाख रूपये दिये, जिनका सभी ने सोश्ल मिडिया के माध्यम से प्रचार-प्रसार भी किया, लेकिन सरकार ने 29.08.2022 को एक परिपत्र निकाला इससे पता चला कि विधायकों द्वारा दिया गया रूपया उक्त दिनांक तक पहुंचा तक नहीं। सत्ता में बैठे लोग कितने गंभीर है इसका इस बात से पता चल गया। सिर्फ सोशल मिडिया पर फोटो अपलोड करने से लम्पी बीमारी नहीं भागेगी। जो रूपया दिया वो अभी 2-3 दिन पहेले ही आया है तो इससे बड़ी विडम्बना क्या होगी कि एक तरफ तो गाये मर रही है दूसरी तरफ सरकार समय पर रूपया नही दे रही। इस संबंध में सरकार द्वारा पहले कलेक्टरों के माध्यम से 50 लाख की दवाईयां खरीदने के लिये अधिकृत किया गया। उसके बाद मुख्यमंत्री रिलिफ फण्ड में रूपया देने के आदेश जारी किये गये।उसमें भी विधायक कोष से राशि की स्वीकृती जारी कर दी। लेकिन जब जानकारी ली तो पता चला कि सरकार ने रूपया दिया ही नही। विधायक बेनीवाल ने गौपालन मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आप सता में बैठे लोग कहते हो कि मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं लेकिन मुख्यमंत्री को आपकी पार्टी के लोगो ने इतना दु:खी कर दिया है कि वो अपनी संवेदनशीलता में काम तक नहीं कर पा रहे है। नागौर जिले की गौशालाओं में मंत्री आकर बड़ी-बड़ी बाते करके जाते है, लेकिन इस बीमारी के दौर में बातों से काम चलने वाला नही है।

धरातल पर काम करना होगा। लोकसभा मे लम्पी का मुदा सबसे पहले नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने ही उठाया था और विधानसभा में रालोपा विधायको ने। सुझाव देते हुए नारायण बेनीवाल ने कहा कि मृत गौवंश का दफनाने की उचित व्यवस्था की जाये। पशुपालन विभाग में चिकित्सकों व पशुधन सहायकों के पदो को शीघ्र भरा जाये। गायों के लिये एमएलए फंड से एम्बुलेंस देने का प्रावधान किया जाये और जिन किसानों के गौवंश इस बिमारी का शिकार हुए उन्हें उचित मुआवजा दिया जाये।

## मूण्डवा में विभिन्न रेलों के ठहराव व यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए सौंपा ज्ञापन

### मारवाड़ मूंडवा के जनप्रतिनिधियों ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक विजय शर्मा का किया स्वागत

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** उत्तर पश्चिम रेलवे के चारों डिवीजन में गति शक्ति प्रोजक्ट स्वीकृत होकर उन पर काम भी शुरू हो गया है। इसी क्रम में मारवाड़ मूंडवा में भी कार्य चल रहा है। यहां स्टेण्डर्ड टू आर का कार्य चल रहा है, जिससे रेलों की गति भी बढ़ेगी। इससे लोडिंग का फायदा हो, रेलवे को भी फायदा हो, वहीं कम्पनी को भी फायदा होना है। यह कार्य हमने इसी वर्ष स्वीकृत किया है और इसे इसी वर्ष शुरू भी कर दिया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के जीएम विजय शर्मा ने यह जानकारी दी। शर्मा गति शक्ति प्रोजक्ट की साईडिंग का निरीक्षण करने के लिए सोमवार को दोपहर पश्चात यहां पंहुचे थे। इस दौरान शर्मा ने मारवाड़ मूंडवा रेलवे स्टेशन पर लाईन बढ़ रही है, इससे एक साथ गाड़ियों की आवाजाही हो सकेगी, गाड़ियों की गति भी बढ़ेगी। गाड़ियों के ठहराव के सम्बन्ध में कहा कि गति शक्ति प्रोजक्ट आने से इस रेलवे की आय बढ़ेगी, गाड़ियों की आवाजाही बढ़ेगी इससे स्थानीय रोजगार में भी वृद्धि होगी साथ ही गाड़ियों का ठहराव भी होना सम्भव हो सकेगा।

**रेलवे प्लेटफार्म के जीर्णोद्धार का काम देखा :** शर्मा सोमवार दोपहर करीब दो बजे अपनी स्पेशल ट्रैन से मारवाड़ मूंडवा रेलवे स्टेशन पर पंहुचे थे। उन्होंने यहां रेलवे प्लेटफार्म पर चल रहे जीर्णोद्धार का कार्य देखा। सीनियर डीईएन मनोहर सिंह ने यहां चल रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। जीएम ने इस दौरान उपस्थित अधिकारियों को कार्य के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस दौरान जीएम ने बताया कि यहां भविष्य में इलेक्ट्रिक लाईन आनी है। भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए ही वर्तमान कार्य सम्पादित किये जाने चाहिए। ऐसा न हो कि बाद में कोई परेशानी हो।

**जीएम ने अम्बुजा साईडिंग का भी किया निरीक्षण :** रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के पश्चात जीएम ने अम्बुजा साईडिंग का निरीक्षण किया। यहां अम्बुजा सीमेंट परिसर में जाने वाले रेलवे ट्रैक के लिए चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान जीएम ने रेलवे के अधिकारियों एवं अम्बुजा के अधिकारियों से जानकारी ली। वहीं जीएम ने यहां बनने वाले अंडरपास की हाईट के सम्बन्ध में भी अभियन्ताओं से जानकारी। उन्होंने अभियन्ताओं को निर्देशित किया कि प्रोजक्ट के अनुरूप अंडर पास बने जिससे वाहनों को निकलने में परेशानी ना हो। मारवाड़ मूंडवा के जनप्रतिनिधियों ने उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबन्धक विजय शर्मा का मूंडवा आगमन पर स्वागत करते हुए यहां विभिन्न रेलों के ठहराव एवं यात्री सुविधाओं को बढ़ाने के लिए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जोधपुर मंडल डीआरएम गीतिका पांडे व रेलवे के अन्य अधिकारी भी उनके साथ रहे। पालिका अध्यक्ष अलका कंदोई की ओर से सुभाष कंदोई, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुंकेश वैष्णव, पार्षद घेवरराम बड़ौला, मेहबूब, दिलीप सैन, गंगाराम डाबी, सुखराम प्रजापत इत्यादि मौजूद रहे।

**यह रखी प्रमुख मांगे :** जनप्रतिनिधियों ने यहां प्रमुख रूप से बाड़मेर कालका तथा अहमदाबाद जम्मूतवी गाड़ी के ठहराव की मांग की वहीं बीकानेर से इंदोर वाया मेड़तारोड़ गाड़ी चलाने की मांग की। वहीं यहां प्रवासी भामाशाह यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं एक प्याऊ बनवाना चाहते हैं। जीएम से प्याऊ के निर्माण की स्वीकृति देने, वहीं रेलवे स्टेशन सामने बस स्टेशन के बीच खाली पड़ी जगह पर यात्री विश्रामगृह बनवाने की स्वीकृति चाही।

## सारड़ा भवन में 23 सितंबर से होगा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के सारड़ा भवन परिसर पर शुक्रवार 23 सितंबर से सारड़ा परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो रहा है। पवन भट्टड़ ने बताया कि नेमीसंत हेतमरामजी महाराज राम राम भादवासी के सानिध्य में रामनिवास सारड़ा परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा हैं। इसको लेकर शहर के सदर बाजार, भट्टड़ोका चौक, चौसला चौक, चारभुजा चौक सहित शहर में घर घर जाकर पीले चावल व पेम्प्लेट बांटकर कथा के लिए निमंत्रण दिया गया। इस दौरान गोपाल सारड़ा, रामकिशोर सारड़ा, जगदीश राठी, ओमप्रकाश बंग (पटवारी), वासुदेव माली, महेंद्र तिवारी, गोपाल सारड़ा, कमल बंग, नवरत्न बंग, महेश पाराशर, भंवर लाल बंग, पवन भट्टड़, अटल, मधु भट्टड़, रामकिशोर भट्टड़, प्रकाश कंदोई, शिवदयाल बंग, गोविंद पाराशर, नटवर भट्टड़ आदि लोग उपस्थित रहे।

## परबतसर भाजयुमो के रक्तदान शिविर में 506 यूनिट रक्त संग्रहित

जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में चल रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजपा युवा मोर्चा नागौर देहात जिलाध्यक्ष गिरिराज पारीक के नेतृत्व मे विशाल रक्तदान शिविर किले वाले बालाजी पर आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि पूर्व स्थानीय विधायक मानसिंह किनसरिया मौजूद रहे। भाजयुमो शहर अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ ने बताया कि शिविर में 506 यूनिट रक्तदान हुआ। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष गिरिराज पारीक, नगरपालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश सेन, शहर अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ, जिलाकोषाध्यक्ष मनीष रान्दड़, श्रीभगवान बंग, जिला मीडिया सह संयोजक रोहित सेन, भाजयुमो महामंत्री दीपक गोयर, भाजयुमो शहर उपाध्यक्ष अजय राठी, अरविंद सांखला, रमाकांत पारीक,ईकबाल गौरी, गोपाल सोनी,पवन धुत, विजय छीपा, भाजयुमो शहर कोषाध्यक्ष मयंक मंत्री, शहर अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल, ओबीसी मोर्चा शहर अध्यक्ष अशोक मारोठिया, भाजयुमो मंत्री लालचंद गुर्जर, आशीष लखारा, मुकेश तंवर, महेश पाराशर, रमेश बंजारा, हरीश बंजारा, शंकर लाल सैनी, पियुष भार्गव, सुशील प्रजापत, बजरंग सैनी, रामावतार शर्मा, जनसेवक डी के राठी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## विजय हुए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह का मिंडावासियों ने निकाला भव्य जुलूस

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** मिंडा की ग्राम सेवा सहकारी समिति के हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर भूपेन्द्र सिंह विजयी रहे। निवार्चन अधिकारी किशन लाल रैगर ने बताया कि सहकारी समिति में अध्यक्ष पद के लिए दीपक कुमार, भंवर लाल बिजारणियां, भूपेंद्र सिंह व मदन लाल फूलफकर ने दावेदारी की। कुल 12 वार्डो के सदस्यों ने मतदान किया, जिसमें भूपेंद्र सिंह ने 7 मत लेकर विजयी प्राप्त की। भंवर लाल को 2 मत मिले। दीपक व मदन लाल को एक-एक मत मिला। एक वोट नोटा में गया। उपाध्यक्ष पद पर पन्नालाल सियाक निर्विरोध निर्वाचित घोषित हुए। वार्ड से 12 निर्वाचित सदस्यों में प्रेम प्रकाश नायक, रामेश्वर लाल, भूपेन्द्र सिंह, दीपक कुमार, भंवर लाल बिजारणिया, गोविंद राम मीणा, सुमन कंवर, खेमाराम गीला, मदनलाल फुलफकर, पन्नाराम सियाग, कमलेश कंवर, कानाराम कुमावत ने मतदान किया। निर्वाचन अधिकारी ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को जीत का प्रमाण पत्र दिया गया। जीत के बाद निर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का जुलूस भव्य विजय जुलूस निकाला गया। अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने महावीर गौ शाला में गायों को गुड़ खिलाकर विजय जुलूस ग्राम भ्रमण के लिए निकला और जगह-जगह जीते प्रतिनिधियों का साफा माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। जुलूस के समापन पर आयोजित सभा को संभोधीत करते हुए अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि मिंडा की आम जनता और समिति के सदस्यो ने मुझ पर जो विश्वास जताकर मुझे अपना जो स्नेह प्रदान किया उसके लिए आप सभी का आभार मै समिति अध्यक्ष होने के नाते किसान की आवाज मजबूत करने का कार्य करूंगा।

## महिला वर्ग की प्रतियोगिता में सोनू मोर व टीना बंसल रही प्रथम



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** अग्रवाल महिला मंडल द्वारा महिला वर्ग की ताल से ताल मिला प्रतियोगिता हुई, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में 44 महिलाओं की एंट्री आई। ताल से ताल मिला में सोनू मोर एवं टीना बंसल प्रथम रही और द्वितीय पर पूजा पोद्दार एवं हेमलता अग्रवाल रही। प्रतियोगिता में सुनीता बंसल एवं अनिता बंसल निर्णायक की भूमिका निभाई। इसी दिन सांय 4 बजे से युवती वर्ग की गरबा थीम थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। गरबा थीम थाली सजाओ में पीहू अग्रवाल प्रथम एवं दृशिता अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। इस मौके पर हेमलता अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन महिला मंडल की अध्यक्षा ज्योति मोर सचिव राधा शेखराजका एवं कोषाध्यक्ष गंगा बगरू वाले के सानिध्य में हुआ एवं प्रतियोगिता के दौरान नेहा गोयल, राजकुमारी मोदी, मीनू मिठडीवाला, दीपिका खोखरिया, निर्मला खोखरिया, विनीता अग्रवाल, बबिता पेमजीवाला, ललिता डालुका, संतोष डालूका, संतोष शेखराजका एवं अन्य महिलाएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com